www.rajteachers.com

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

## प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा–2018

क्रमांकःसैल–8/2018/ 24 दिनांक : 30.10.2017

### आठवी कक्षा हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने के लिए शाला प्रधानों हेतु आवश्यक निर्देश

वर्ष 2018 की परीक्षा के 8वीं कक्षा हेतु सभी परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरवाये जाने है। सभी विधालयों को ऑनलाईन आवेदन पत्र भरना अनिवार्य है। आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 13.11.2017 (मध्यरात्रि) है।

1– ऑनलाईन आवेदन–पत्र भराने की प्रक्रिया :–

बोर्ड की वेबसाईट **http://rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर Login करके शाला प्रधान परीक्षार्थियों के आवेदन–पत्र आठवी कक्षा हेतु (प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा–2018) आवेदन पत्र भरा सकेंगे ।

2– Login ID (लॉगिन) कैसे होगा?

शाला प्रधानों द्वारा गत वर्ष के Login ID तथा Password से इस वर्ष 2018 के आवेदन पत्र भरे जायेगे यदि Login ID तथा Password नहीं हो तो विद्यालयों को सम्बन्धित जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) अथवा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से Login ID (लॉगिन आई.डी) तथा Password (पासवर्ड) प्राप्त करना है ।

आवेदन पत्र का नमूना बोर्ड की वेबसाईट के लिंक पर उपलब्ध है जहॉ से प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा–2018 से डाउनलोड किया जा सकता है । इस नमूने के आवेदन–पत्र की फोटो प्रतियॉ करवाकर प्रत्येक परीक्षार्थी से भरवाएं । आवेदन पत्र पर परीक्षार्थी का फोटो भी लगेगी तथा काली स्याही से हस्ताक्षर भी होंगे । इन परीक्षा आवेदन–पत्रों की पूर्ति विद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार होनी चाहिये, यह सुनिश्चित कर लें । यदि आपके विद्यालय में इंटरनेट सुविधा हे तो विद्यालय से ही ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरें जा सकेगे । यदि इंटरनेट सुविधा आपके विद्यालय में नही हो तो परीक्षार्थियों के भरे हुए परीक्षा आवेदन–पत्र एवं उपलब्ध करवाये गये Login ID (लॉगिन आई.डी.) तथा Password (पासवर्ड) के साथ समीप के किसी ई–मित्र कियोस्क अथवा कम्प्यूटर सेन्टर पर जावें । बोर्ड की वेबसाईट **http://rajeduboard.rajasthan.gov.in** के प्रारम्भिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र परीक्षा–2018 के लिंक पर क्लिक करें तथा दिये गये Login ID (लॉगिन आई.डी.) तथा Password (पासवर्ड) से Login लॉगिन करें । इसके पश्चात् निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करावें ।

(अ) विद्यालय प्रोफाईल भरना :– सर्वप्रथम विद्यालय के प्रोफाईल की पूर्ति करें । जिसमें विद्यालय की श्रेणी (राजकीय/निजी), विद्यालय का क्षेत्र (ग्रामीण/शहरी), विद्यालय का पूर्ण पता मय पिनकोड, विद्यालय का ब्लॉक व जिला, विद्यालय का दूरभाष नम्बर मय एस.टी.डी. कोड, विद्यालय का ई–मेल, संस्था के प्रधान व परीक्षा प्रभारी का नाम व मोबाईल नम्बर आदि आवश्यक सूचनायें भरी जानी है ।

(ब) परीक्षा आवेदन–पत्र भरना :– विद्यालय प्रोफाईल भरने के पश्चात् विद्यालय के परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाईन भरे जाने है । यह आवेदन–पत्र आप अपने साथ पूर्व में भरे हुए लाये गये आवेदन–पत्रों के आधार पर भरे जायेंगे । प्राईवेट विद्यालय अपना मान्यता क्रमांक लिखें ।

(स) चैकलिस्ट प्राप्त करना :– सभी आवेदन–पत्रों की पूर्ति के पश्चात् उनका मुद्रित प्रति निकलवा लें । इन मुद्रित प्रतियों की जॉच मूल आवेदन–पत्रों से भली–भांति कर लें तथा आवश्यक संशोधन करें ।

(द) चैकलिस्ट के आधार पर संशोधन :– मूल परीक्षा आवेदन–पत्रों के आधार पर जो भी संशोधन अपेक्षित हों, ऑनलाईन डाटा में संशोधन करावें ।

(य) डाटा लॉक करना व अग्रेषण सूची प्रिण्ट करना :– सभी संशोधन पूरे होने के पश्चात् Data Lock (डाटा लॉक) को क्लिक करें । Data Lock (डाटा लॉक) करने के पश्चात् किसी भी प्रकार का संशोधन आवेदन पत्रों में नही होगा । जितने परीक्षार्थियों का Data Lock (डाटा लॉक) किया गया है उन्ही परीक्षार्थियों का एक बैच नम्बर प्राप्त होगा । बैच नम्बर के आधार पर परीक्षार्थियों की अग्रेषण सूची प्रिण्ट करावें ।

4– अप्रुव्ड आवेदन–पत्र ऑनलाईन मुद्रित करना :–

बैच नम्बर के आधार पर प्रत्येक परीक्षार्थी का अप्रुव्ड आवेदन–पत्र मुद्रित कर सकते है । इन मुद्रित परीक्षा आवेदन–पत्रों को प्रमाणित कर आपको हस्ताक्षर कर विद्यालय की सील अंकित करनी है । प्रत्येक परीक्षा आवेदन–पत्र के साथ आवश्यक प्रलेखों की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करें।

5– ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र तथा अग्रेषण सूची की प्रतियॉ सम्बन्धित डाईट कार्यालय पर जमा करना :–

अग्रेषण सूची की एक प्रति अपने पास सुरक्षित रखें । मूल प्रति, ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र मय प्रलेखों की प्रमाणित प्रति सम्बन्धित डाईट कार्यालय पर जमा करावें तथा इन्हें बोर्ड कार्यालय को कदापि नहीं भेजे ।

6– एक से अधिक बार ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरना :–

आप एक से अधिक बार भी ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भर सकते है । इसके लिए अग्रेषण सूची में परीक्षार्थियों की क्रम संख्या पूर्व सूची के आगे से चलेगी । अर्थात पूर्व सूची में यदि 10 परीक्षार्थी थे तो इस अग्रेषण सूची में क्रमांक 11 से आगे भरे जायेंगे । जिनका बेच नम्बर अलग होगा ।

दोबारा ऑनलाईन आवेदन–पत्र भरने के लिये पुनः क्रम संख्या 2 से 4 तक की प्रक्रिया अपनावें ।

**ध्यान देने योग्य बाते :–**

1– अपना Login ID (लॉगिन आई.डी.) तथा Password (पासवर्ड) संभाल कर सुरक्षित रखें । यह गोपनीय है अतः अपना पासवर्ड किसी को नहीं बतावें । प्रथम बार Login (लॉगिन) करने के पश्चात् सुरक्षा की दृष्टि से अपना Password (पासवर्ड) बदल लें ।

2– परीक्षार्थियों द्वारा भरे गये परीक्षा आवेदन–पत्रों की सभी प्रविष्टियों का सत्यापन विद्यालय रिकॉर्ड से अवश्य कर लें ।

3– बोर्ड की वेबसाईट पर ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने संबंधी सभी निर्देश उपलब्ध है उनका भली–भांति अध्ययन कर लें। अन्य जानकारी के लिये वेबपोर्टल siksha.rajasathan.gov.in का अवलोकन करे।

4– ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने से सम्बन्धित किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त करनी हो तो कार्यालय समय में दूरभाष 0151–2226570/2226553 पर सम्पर्क किया जा सकता है–सचिव